# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (5 March)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-march-5

- 3 मार्च को दुनियाभर में **विश्व वन्यजीव दिवस** का आयोजन किया गया। संकटग्रस्त जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनको विलुप्त होने से बचाने के लिये संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर, 2013 को वन्यजीवों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिये इस दिवस को मनाने की पहल की थी। विश्व वन्यजीव दिवस 2019 की थीम **Life Below Water: for People & Planet** रखी गई है। गौरतलब है कि भारत में वन और वन्यजीवों को संविधान की **समवर्ती सूची** में रखा गया है। एक केंद्रीय मंत्रालय वन्यजीव संरक्षण संबंधी नीतियों और नियोजन के संबंध में दिशा-निर्देश बनाने और जारी करने का काम करता है तथा राज्यों के वन विभाग राष्ट्रीय नीतियों को कार्यान्वित करते हैं।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के अमेठी की **ऑर्डिनेंस फैक्ट्री** में **इंडो-रूस** राइफल परियोजना की शुरुआत की। अमेठी की कोरवा आयुध फैक्टरी में भारत और रूस की संयुक्त परियोजना के तहत **विश्व प्रसिद्ध कलाश्निकोव** राइफलों के नवीनतम मॉडल बनाए जाएंगे। इस फैक्ट्री में लाखों की संख्या में AK-203 का निर्माण किया जाएगा, जो AK-103 का अपग्रेडेड वर्जन है। फिलहाल भारत की तीनों सेनाओं के पास इंसास असॉल्ट राइफल हैं, जो कि पुरानी पड़ चुकी हैं। आपको बता दें कि कलाश्निकोव राइफल (Kalashnikov Rifle) मिखाइल कलाश्निकोव द्वारा बनाई और विकसित की गई मूल संरचना पर आधारित स्वालित राइफलों की श्रृंखला में से कोई भी एक हो सकती है। मिखाइल कलाश्निकोव के नाम पर ही इन राइफलों को यह नाम मिला है।
- भारत और बांग्लादेश की सेनाओं के बीच आपसी सहयोग, मेल-जोल और सौहार्द बढ़ाने के उद्देश्य से **संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सम्प्रीति'** की शुरुआत 3 मार्च को हुई। यह अभ्यास बांग्लादेश के तंगेल में आयोजित किया जा रहा है जो 15 मार्च तक चलेगा। गौरतलब है कि दोनों देशों के मध्य यह आठवाँ युद्धाभ्यास है। संयुक्त अभ्यास में बांग्लादेश की ओर से 36 ईस्ट बंगाल बटालियन जबकि भारत की ओर से राजपूताना राइफल्स की 9वीं बटालियन हिस्सा ले रही है। इस संयुक्त अभ्यास की शुरुआत 2009 में हुई थी। इस अभ्यास में उग्रवाद, आतंकवाद का मुकाबला करने और आपदा प्रबंधन के लिये नागरिक अधिकारियों को सहायता देने में उनके सामरिक और तकनीकी कौशल की परख की जाएगी। इसी प्रकार के एक अन्य घटनाक्रम में हाल ही में बांग्लादेश के कोमिला में श्रीमन्तापुर के निकट भारत के बॉर्डर सिक्यूरिटी फोर्स तथा बॉर्डर गार्ड्स बांग्लादेश के बीच तीन दिवसीय **मैनामती मैत्री अभ्यास 2019** संपन्न हुआ। इस अभ्यास का नाम बांग्लादेश के कोमिला के निकट स्थित मैनामती पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया।

- इंडियन रलवे कैटरिंग और टूरिज्म कॉर्पोरेशन (IRCTC) ने ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुक कराने वाले यात्रियों की सुविधा के लिये अपना **पेमेंट एग्रिगेटर सिस्टम IRCTC iPay** लॉन्च किया है। इससे ऑनलाइन डिजिटल पेमेंट करने में आसान होगी। IRCTC iPay से यात्रियों को किसी थर्ड पार्टी प्लेटफॉर्म से पेमेंट करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि इस प्लेटफार्म पर क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, UPI, इंटरनेशनल कार्ड जैसे पेमेंट विकल्पों से भुगतान किया जा सकेगा। इससे बैंक और IRCTC के बीच का अंतर कम होगा जिससे पेमेंट असफल होने की संभावना कम होगी। इसके अलावा अगर कभी कोई ऑनलाइन ट्रांजेक्शन असफल होती है, या अन्य कोई कठिनाई सामने आती है तो IRCTC सीधे बैंक के संपर्क में आ सकता है, जिससे कि इस प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब नहीं होगा। आपको बता दें कि पेमेंट गेटवे और पेमेंट एग्रीगेटर सिस्टम में एक मूल अंतर है कि पेमेंट गेटवे के तहत सभी तरह की क्रेडिट और डेबिट कार्ड पेमेंट होती है, जबकि पेमेंट एग्रीगेटर में बहुत सारे पेमेंट गेटवे शामिल होते हैं।
- हाल ही में असम में **राइस नॉलेज बैंक** की शुरुआत हुई है। यह एक कृषि वेब पोर्टल है जो चावल उत्पादन प्रौद्योगिकियों और तकनीकों, उत्पादन के सर्वोत्तम तरीकों और राज्य कृषि के बारे में ज्ञान बढ़ाने के लिये समर्पित है। इसे विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित परियोजना-**कृषि-व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन** (APART) के तहत लॉन्च किया गया है। यह पोर्टल अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान (IRRI) की तकनीकी सहायता के साथ असम रूरल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड एग्रीकल्चर सर्विसेज़ सोसाइटी (ARIAS) तथा असम एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी (AAU) के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। इसका प्रमुख उद्देश्य असम में छोटे किसानों के लिये अनुसंधान और ऑन-फील्ड चावल उत्पादन तरीकों के बीच अंतर को कम करना है।
- केंद्र सरकार ने पूर्व वित्त सचिव **हसमुख अधिया** को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा का गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया है। कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने तीन साल की अवधि के लिये उनकी नियुक्ति को मंज़ूरी दी है। गुजरात कैडर के 1981 बैच के IAS की अंतिम नियुक्ति वित्त सचिव के पद पर थी। गौरतलब है कि विजया बैंक और देना बैंक के साथ विलय के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा देश का तीसरा सबसे बड़ा बैंक होगा और इस विलय को सरकार की मंज़ूरी मिल चुकी है। इसी तरह के एक अन्य मामले में **रवनीत गिल** ने तीन साल की अवधि के लिये निजी क्षेत्र के येस बैंक के MD और CEO का पदभार संभाल लिया। उन्होंने राणा कपूर का स्थान लिया, जो इस बैंक के संस्थापक सदस्यों में हैं। रवनीत गिल 1991 से डोएश बैंक (Deutsche Bank) में भारत में प्रमुख के तौर पर काम कर रहे थे।
- रक्षा अनुसंधान विकास संगठन (DRDO) के चेयरमैन जी. सतीश रेड्डी को संयुक्त रूप से प्रतिष्ठित **मिसाइल सिस्टम पुरस्कार** से नवाज़ा गया है। वह रेथेऑन (Raytheon) मिसाइल सिस्टम के एक पूर्व प्रमुख इंजीनियरिंग फेलो रॉन्डेल जे. विल्सन के साथ यह पुरस्कार साझा करेंगे। मिसाइल सिस्टम प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने के लिये यह पुरस्कार अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एयरोनॉटिक्स और एस्ट्रोनॉटिक्स द्वारा दिया जाता है। आपको बता दें कि यह पुरस्कार विषम संख्याओं वाले वर्षों में हर दो वर्ष में एक बार मिसाइल सिस्टम प्रौद्योगिकी को विकसित करने और क्रियान्वित करने में उत्कृष्टता के लिये दिया जाता है। जी. सतीश रेड्डी पिछले चार दशकों में इस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने वाले अमेरिका से बाहर के पहले व्यक्ति हैं।
- भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान **अनिल कुंबले** को एक बार फिर से तीन साल के लिये अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) की क्रिकेट कमेटी का **चेयरमैन** बनाया गया है। यह फैसला दुबई में हुई ICC की त्रैमासिक बैठक में लिया गया। 2012 में कुंबले को ICC क्रिकेट समिति का सदस्य बनाया गया था और 2013 में उन्हें समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। गौरतलब है कि ICC क्रिकेट का अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संचालन करने वाली संस्था है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका ने 1909 में इसे इंपीरियल क्रिकेट कॉन्फ्रेंस के रूप में स्थापित किया था। 1965 में इसका नाम बदलकर इंटरनेशनल क्रिकेट कॉन्फ्रेंस कर दिया गया था। 1989 में इसे वर्तमान नाम ICC दिया गया और इसका मुख्यालय दुबई में है|

- चीन की समाचार एजेंसी शिन्हुआ (Xinhua) ने बिलकुल मनुष्य जैसा दिखने वाला **महिला रोबोट एंकर** बनाया है। इस रोबोट का इस्तेमाल 3 मार्च को पहली बार बतौर न्यूज़ एंकर के रूप में बीजिंग में होने वाली वार्षिक संसद की बैठक को प्रस्तुत करने के लिये किया गया। न्यूज़ पेश करते हुए यह आसानी से अंदाजा नहीं लगता कि यह इंसान नहीं रोबोट है। शिन श्याओमेंग (Xin Xiaomeng) नाम के इस रोबोट ने टेक्नोलॉजी की दुनिया को और आगे बढ़ाया है। यह रोबोट छोटे बालों वाली ईयर रिंग पहने महिला की तरह दिखता है। इस तकनीक को विकसित करने के लिये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल किया गया है। इसे न्यूज़ एजेंसी शिन्हुआ और सोगो इनकॉर्पोरेशन ने मिलकर बनाया है। गौरतलब है कि यह न्यूज़ एजेंसी पिछले साल नवंबर में वुजैन में आयोजित हुए विश्व इंटरनेट सम्मेलन में पुरुषों के कपड़े पहने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस दो न्यूज़ एंकरों को पेश कर चुकी है।